# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 सितम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की पचपनवीं और महंत अवेद्यनाथ की दसवीं पुण्यतिथि के तहत साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह आज सम्पन्न हो गया। समारोह के आखिरी दिन महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस समरोह में हिस्सा लिया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जातीय विभेद, छुआछूत और अश्पृश्यता के चलते जब तक सामाजिक एकजुटता का अभाव रहेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता को चुनौती मिलती रहेगी। यही कारण है कि भारत की मार्गदर्शक संत परम्परा ने समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने महंत अवेद्यनाथ के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। गोरखपुर के सदर सांसद रवि किशन ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय में कार्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी कार्यक्रम के तहत सैमसंग नवाचार परिसर के विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित भी किया।

**********

चिकित्सा विज्ञान संस्थान आईएमएस बीएचयू के आयुर्वेद संकाय की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज हिस्सा लिया। उन्होंने तिरुपति बालाजी के प्रसादम के मुद्दे पर चिंता जताई और कहा कि मिलावटपन को हिंदू शास्त्रों में पाप कहा गया है। यह एक विचारणीय विषय है।

इस बीच, वाराणसी जिले के काशी विश्वनाथ मंदिर के लड्डुओं की गुणवत्ता पर जिला प्रशासन विशेष तौर पर ध्यान दे रहा है। वहां के एसडीएम ने आज लड्डू निर्माण के पूरी प्रक्रिया की जांच की।

**********

मोदी सरकार ने अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान सरकार ने मध्यम वर्ग, संरचनाओं, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंद्रह लाख करोड रुपये की परियोजनाएं शुरू की। सरकार ने मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाये हैं। सात लाख तक की आय पर अब कोई टैक्स नहीं देना पड़ता, जिससे करोड़ों करदाताओं को फायदा हो रहा है। सरकार ने 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन – यू पी एस स्कीम के तहत 50 फीसदी पेंशन देने का आश्वासन दिया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी आज वाराणसी जिले के क्वींस इंटर कॉलेज परिसर में शुरू हुई। दो अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में विगत दस वर्षों में बदलते भारत की जो तस्वीर प्रस्तुत की गई है, वह लोगों को गौरवान्वित करेगी।

**********

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटन और निवेश के अवसर बढ़ाने के सिलसिले में इमर्जिंग अयोध्या विषय पर शहर के एक होटल में आज एक अहम बैठक की गई। ईको टूरिज्म विकास बोर्ड और एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में हुई इस बैठक के पहले सत्र में कमिश्नर गौरव दयाल और महापौर गिरीश पति त्रिपाठी समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में लखनऊ के उद्योगपति, डॉक्टर और सोलर एनर्जी से संबंधित कंपनियों के सीईओ ने भी हिस्सा लिया। बैठक के दौरान अयोध्या को सोलर सिटी बनाने के रोडमैप पर खासतौर से चर्चा हुई।

**********

औरैया जिले में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर एटवा कटरा थाना क्षेत्र के हरनागरपुर गांव के पास आज दोपहर एक तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े डंपर से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार चालक समेत कार में सवार दो महिलाओं व एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। कार आगरा से लखनऊ की ओर जा रही थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग का निर्देश दिया है।

**********

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज महराजगंज जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में साफ सफाई की। इस मौके पर स्थानीय विधायक जयमंगल कन्नौजिया समेत सैकड़ों लोगों ने केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में पौधारोपण भी किया।

उधर, नमामि गंगे ने भी इस अभियान के तहत आज वाराणसी जिले के श्री वल्लभ विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज भैरोनाथ की छात्राओं को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में मौजूद सभी छात्राओं से स्वच्छता को स्वभाव और संस्कार के रूप में अपनाने की अपील की गई।

**********

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह देश के अगले वायु सेना प्रमुख होंगे। वे वर्तमान में वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह इस महीने की 30 तारीख की दोपहर को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी से वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे।

**********